THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

Worksheet -parvat pradesh me pavas

1. यहाँ किस ऋतु का वर्णन किया गया है?
(a) ग्रीष्म
(b) शीत
(c) वर्षा
(d) हेमंत

2. 'मेखलाकार पर्वत अपार' में पर्वत के किस भाग का वर्णन किया गया है?
(क) पर्वत की चोटियों का वर्णन किया गया है
(ख) पर्वत के ऊपरी भाग का वर्णन किया गया है
(ग) पर्वत की तलहटी का वर्णन किया गया है
(घ) पर्वत के विशाल ढालदार भाग का वर्णन किया गया है

3. पर्वत किसमें अपना प्रतिबिंब देख रहा है?
(a) झरने में
(b) दर्पण में
(c) फूलों में
(d) तालाब में

4. पर्वत की आँखें किसे कहा गया है?
(a) पर्वत की चोटी को पर्वत की आँखें कहा गया है
(b) पर्वत पर उगे पौधों को पर्वत की आँखें कहा गया है
(c) पर्वत पर खिले हज़ारों फलों को पर्वत की आँखें कहा गया है
(d) पर्वत के पत्थरों को पर्वत की आँखें कहा गया है

5. "पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश' से क्या तात्पर्य है?
(a) वर्षा ऋतु में पर्वत का सौंदर्य क्षण-क्षण में बदलता रहता है
(b) वर्षा ऋतु में नदी का सौंदर्य पल-पल बदल रहा है
(c) वर्षा ऋतु में फूल मुरझा गए थे
(d) इनमें से कोई नहीं

6. पर्वत के चरणों में तालाब
(a) हरियाली के समान फैला हुआ है
(b) काँच के समान फैला हुआ है
(c) दर्पण के समान फैला हुआ है
(d) मोतियों के समान फैला हुआ है

7. 'अवलोक रहा है बार-बार , नीचे जल में महाकार' से क्या तात्पर्य है?
(a) कवि नीचे जल में बार-बार देख रहा था
(b) परमात्मा नीचे जल में बार-बार देख रहा था
(c) पर्वत नीचे फैले जल में अपने विशाल आकार को निहार रहा था
(d) उपर्युक्त सभी

8. पहाड़ों की छाती पर झरने कैसे प्रतीत हो रहे हैं?
(a) वृक्षों के समान सुंदर प्रतीत हो रहे हैं
(b) विशाल नदियों के समान प्रतीत हो रहे हैं
(c) मोती की लड़ियों के समान सुंदर प्रतीत हो रहे हैं
(d) इनमें से कोई नहीं

9. किसे 'गिरि का गौरव गाने वाले' कहा गया है?
(a) पर्वत पर खिलनेवाले पुष्पों को
(b) पर्वत पर खड़े वृक्षों को
(c) पर्वत की ऊँची-ऊँची चोटियों को
(d) पर्वत से झरनेवाले झरनों को

10. 'झरने के झर-झर स्वर' में कवि ने क्या कल्पना की है?
(a) मानो ये झरने पर्वत की महानता का गुणगान कर रहे हैं
(b) मानो झरने तालियाँ बज रहे हों
(c) मानो ये झरने पर्वत को स्नान करा रहे हों
(d) इनमें से कोई नहीं

11. झरने क्या कर रहे हैं?
(a) बहुत ऊँचाई से गिर रहे हैं
(b) मोती की लड़ियाँ बना रहे हैं
(c) पर्वतों का यशगान कर रहे हैं
(d) दृश्य को सुंदर बना रहे हैं

12. 'मद में नस-नस उत्तेजित कर' से क्या तात्पर्य है?

(a) झरने मस्ती में उत्तेजित होकर गा रहे हों

(b) झरनों की नस-नस में मस्ती भरी है

(c) झरने ऊँची-ऊँची आवाज़ में पर्वत का गुणगान कर रहे हैं

(d) झरने के स्वर को सुनकर दर्शकों की नस-नस में उत्तेजना व मस्ती भर जाती है

13. झरने किसके समान लग रहे हैं?

(a) उच्चाकांक्षाओं के समान

(b) गौरव के समान

(c) मोती की माला

(d) फूलों की लड़ियों के समान

14. वृक्ष आकाश की ओर कैसे देख रहे हैं?

(a) एकटक, प्रसन्न, अटल रहकर

(b) प्रसन्न, अटल, चिंतित रहकर

(c) एकटक, अटल, चिंतित रहकर

(d) चिंतित, उत्साहित, एकटक रहकर

15. पहाड़ों पर उगे वृक्ष कैसे लग रहे हैं?

(a) मन में उठने वाली उच्च आकांक्षाओं के समान

(b) मोती की लड़ियों के समान

(c) नदी में उठने वाली लहरों के समान

(d) उपर्युक्त सभी

16. 'रव शेष रह गए हैं निर्झर' का क्या अर्थ है?

(a) केवल झरना शेष रह गया है

(b) झरने ने आवाज करनी बंद कर दी है

(c) झरने दिखाई देने बंद हो गए; उनकी आवाज गूंजती शेष रह गई

(d) झरनों के अवशेष दिखाई देते हैं

17. 'उड़ गया अचानक लो भूधर' पंक्ति का आशय है

(a) बादलों से ढक जाने पर पर्वत अदृश्य हो गए हैं

(b) बादलों के पंख लगाकर पर्वत वहाँ से उड़ गए हैं

(c) पर्वतीय प्रदेशों में जब अचानक घने बादल आ जाते हैं, तो सारा दृश्य अदृश्य हो जाता है

(d) उपर्युक्त सभी

18. 'धंसकर धरा में सभय शाल' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(a) शाल के वृक्ष अत्यधिक बारिश के कारण धरती में धंस गए

(b) शाल के वृक्ष टूट गए और धरती पर पड़े हैं।

(c) शाल के वृक्ष दिखाई नहीं देते क्योंकि आकाश में धूल छा गई है

(d) शाल के पेड़ बादलों के झुंड में धंसे ऐसे लगते हैं मानो भयभीत होकर धरा में धंस गए हों

19. 'इंद्र खेलता इंद्रजाल' में इंद्रजाल किसे कहा है?

(a) वर्षा ऋतु में बदलते प्राकृतिक दृश्यों को इंद्रजाल कहा है

(b) इंद्र आपको जादू का खेल दिखा रहा है

(c) बादलों को कवि ने इंद्र कहा है

(d) इनमें से कोई नहीं